## (ग) शैक्षणिक

11. निःशुल्क/अल्प शुल्क स्कूल तथा कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था करना।
12. मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं छात्रवृत्ति प्रदान करना।
13. उच्च शिक्षा हेतु मार्गदर्शन, समन्वय एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना।
14. विदेश से शिक्षा प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन, समन्वय एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना।
15. समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी/सदस्य को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मदद एवं आर्थिक सहयोग करना।
16. पुस्तकालयों का निर्माण करना।
17. सेमीनार एवं व्याख्यानों की व्यवस्था करना एवं संचालित करवाना।

## संगठन की सदस्यता

| | | |
|---|---|---|
| **(अ)** | **संरक्षक सदस्य** | – रुपये 5000/– |
| **(ब)** | **आजीवन सदस्य** | – पुरुष रुपये 500/ एवं महिला रुपये 200/– |
| **(स)** | **साधारण सदस्य** | – रुपये 200/– |
| **बेरोजगार युवा एवं छात्र साधारण सदस्य** | | – रुपये 120/– |

1. **सदस्यता की प्राप्ति–** प्रत्येक व्यक्ति जो कि संगठन का सदस्य बनने का इच्छुक हो लिखित रुप में आवेदन मुख्य प्रबंधकारिणी को करना होगा। आवेदन पत्र को स्वीकार करने या अमान्य करने का अधिकार मुख्य प्रबंधकारिणी समिति को होगा।

2. **सदस्यों की योग्यता–** संस्था का सदस्य बनने के लिए किसी व्यक्ति में निम्नलिखित योग्यता होना आवश्यक है–
    1. आयु 18 वर्ष से कम न हो।
    2. भारतीय नागरिक हो।
    3. संगठन के नियमों के पालन की प्रतिज्ञा की हो।
    4. सद्चरित्र हो तथा मद्यपान न करता है।
    5. गंभीर अपराधों का दोषी न हो।
    6. किसी राजनैतिक दल के पदाधिकारी होने की स्थिति में संगठन का सदस्य हो सकता है। परंतु किसी पद का पदाधिकारी नहीं होगा। किसी पद पर पदस्थ होने से पूर्व राजनैतिक दल से इस्तीफा देना होगा।

साथियों संगगठन के उपरोक्त उद्देश्यों पर कार्य करने हेतु प्रत्येक समाजबंधु जो निर्धारित पात्रता रखता/रखती हो संगठन का सदस्य बनने के लिए सादर आमंत्रित है। संगठन का सदस्य बनने हेतु नीचे दर्शित मुख्य प्रबंधकारिणी के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।


| **एन.पी. जकनोरे** | **सेमंतराज बोरिले** | **रामस्वरूप निमोरे** |
|---|---|---|
| कोषाध्यक्ष | महासचिव | अध्यक्ष |
| मो. 9144411611 | मो. 9752332614 | मो. 9926851139 |


**समस्त कार्यकर्ता एवं सदस्य**
**डॉ. अम्बेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ (देशम्)**